प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.10.2025/प्रादेशिक समाचार/920 बजे

कुल्लू दशहरा

विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव कल भगवान श्री रघुनाथजी की रथ यात्रा के साथ शुरू हुआ। सप्ताहभर चलने वाले इस उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यपाल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा न केवल एक उत्सव है बल्कि आस्था, एकता और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का प्रतीक भी है।

कुल्लू दशहरा जैसे हिमाचल को देवभूमि के रूप में माना जाता है, वो उसकी प्रसिद्धी है। वैसे ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दशहरे का एक अपना अलग महत्व होता है। विदेशों से भी लोग आते हैं, इस दशहरे के माध्यम से मैं श्री रघुनाथ जी से इस बात की प्रार्थना करूंगा कि कम सकम जो आपदा हिमाचल में आई, वह भविष्य में ना आए लेकिन साथ ही साथ मैं हिमाचल वासियों से भी इस बात को कहना चाहूंगा कि प्रकृति के साथ अपने को जोड़ने का काम करें। नदियों में अपना घर बनाने का काम न करें।

जेपी नड्डा

आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर का स्थापना दिवस है। इस मौके पर संस्थान के सभागार में एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल करेंगे। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.....

आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बिलासपुर का स्थापना दिवस है । इस मौके पर आज संस्थान के सभागार में एक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल करेंगे। स्थापना दिवस शैक्षणिक और संस्थागत उपलब्धियों छात्रों और शिक्षकों के समर्पण का जश्न मनाया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य पथ परिवहन निगम प्रदेश में जनकल्याण के लिए लगातार समर्पित है और निगम के 94 फीसदी रूट घाटे में होने के बावजूद भी निगम आम जनता की सेवा के लिए दिन–रात कार्य कर रहा है। मुकेश अग्निहोत्री कांगड़ा ज़िला के जयसिंहपुर के काथला में निगम के स्थापना दिवस के मौके पर बस अड्डे और डिपो का भूमि पूजन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर जयसिंहपुर में लगभग 9 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

हड़ताल

प्रदेश में आज 108 और 102 एंबूलेंस कर्मी हड़ताल पर रहेंगे। कर्मचारियों ने कल 2 अक्तूबर रात आठ बजे से 108 और 102 एंबुलेंस सेवाएं बंद कर दी हैं। हड़ताल आज रात आठ बजे तक जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि ये कर्मचारी एन.एच.एम. की नीतियों के खिलाफ हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया है। धर्माणी कल घुमारवीं में दो दिवसीय सीर उत्सव के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सीर उत्सव का उद्देश्य प्राचीन संस्कारों और परंपराओं को नई तकनीकों के साथ जोड़ते हुए आगे बढ़ने का संदेश देना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित उच्च मूल्यों और संस्कारों से परिचित होकर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात कर सकें।

दुर्घटना

जिला सिरमौर के पच्छाद क्षेत्र की नैना टिक्कर डंगयार सड़क पर कल बारातियों की कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। बारात सोलन जिला में अर्की के घेणा भुमति से डंगयार के लिए जा रही थी।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा से जुड़ी खबर आज अधिकांश समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए है। अमर उजाला व पंजाब केसरी की सुर्खी है भव्य रथयात्रा के साथ कुल्लू का अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव शुरू, उमड़ा आस्था का सैलाब। दैनिक जागरण के शब्द हैं रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ देव महाकुंभ आरंभ।

हिमाचल में तय होंगे फ्लड जोन शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है प्राकृतिक आपदा से लिया सबक, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निर्माण कार्य रोकने को आएगा नया कानून।

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है चिट्टा जैसे घातक नशे के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रही सरकार।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है केंद्र ने हिमाचल को जारी की 8 सौ 43 करोड़ की राशि।

मौसम पर दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है हिमाचल में आज से बारिश के आसार, 5 से खूब बरसेगा आसमान, प्रदेशभर के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी।

———————————